रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सत्यमेव जयते

सी.जी.-डी.एल.-अ.-27112025-268004
CG-DL-E-27112025-268004

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 782] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 26, 2025/अग्रहायण 5, 1947
No. 782] NEW DELHI, WEDNESDAY,NOVEMBER 26, 2025/AGRAHAYAN 5, 1947

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 नवम्बर, 2025

सा.का.नि. 868(अ).— निम्नलिखित मसौदा **विनियम**, जिन्हें केन्द्र सरकार व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएँ संहिता, 2020 (2020 का 37) की धारा 136 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव करती है, को धारा 134 की उप धारा (1) की अपेक्षा के अनुसार, उन सभी व्यक्तियों की सूचना के लिए, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है, एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है और एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उक्त मसौदा अधिसूचना पर उस तारीख से 45 दिनों की अवधि की समाप्ति के बाद विचार किया जाएगा, जिस तारीख को राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना प्रकाशित की गई है, आम जन के लिए उपलब्ध करा दी जाती हैं; आपत्तियां और सुझाव, यदि कोई हों, को श्री रविशंकर निराला, अवर सचिव, भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, कमरा संख्या: 17, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली को अथवा ई मेल (cmcdgms1@gmail.com तथा ravis.nirala@nic.in) द्वारा भेजा जा सकता है। आपत्तियां और सुझाव एक प्रोफार्मा में भेजे जाएँ जिसमें कॉलम (i) में व्यक्तियों और संगठनों के नाम और पते का उल्लेख हो, कॉलम (ii) में उस नियम या उपनियम का उल्लेख हो जिसे संशोधित करने का प्रस्ताव है, तथा कॉलम (iii) में प्रस्तुत किए जाने वाले संशोधित **विनियम** या उप **विनियम** और उसके कारणों का उल्लेख हो; उक्त मसौदा

अधिसूचना के संबंध में किसी व्यक्ति या संगठन से ऊपर निर्दिष्ट 45 दिनों की अवधि समाप्त होने से पहले प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर केन्द्र सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

खदान कामगारों के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य,सुरक्षा और कार्य दशाएं संहिता, 2020 की धारा 136 के तहत निर्दिष्ट व्यावसायिक स्वास्थ्य,सुरक्षा और कार्य दशाएं (तेल खानें) विनियम,202..

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय

व्यावसायिक स्वास्थ्य,सुरक्षा और कार्य दशाएं(तेल खानें)विनियम,2022

(व्यावसायिक स्वास्थ्य,सुरक्षा और कार्य दशाएं संहिता,2020 का अनुच्छेद 136 के तहत निर्मित)

अध्याय – 1
प्रारम्भिक

1 संक्षिप्त नाम, प्रारंभ, लागू होना और विस्तार. -(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कार्य दशाएं (तेल खानें) विनियम, 2022 है|

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे |

(3) ये प्रत्येक तेल खान पर लागू होंगे|

(4) इनका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर होगा|

2. **परिभाषाएँ** - (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) "अम्लीकरण" से उत्पादकता या अंतः क्षेपणता बढ़ाने के उद्देश्य से अम्ल के साथ रासायनिक अभिक्रिया द्वारा हाइड्रोकार्बन धारित संरचना को संसाधित करना अभिप्रेत है;

(ख) "वलयाकार स्थान" से कूप में लटकी हुई पाईप के आसपास का स्थान अभिप्रेत है जिसमें वलयाकार स्थान की बाहरी दीवार एक खुला कूप हो सकती है या यह एक श्रेणीबद्ध वृहत् पाईप हो सकती है;

(ग) "ब्लीड" से द्रव या गैस को सामान्यतः किसी बॉल्व के माध्यम से बाहर निकालना अभिप्रेत है; और ब्लीड ऑफ करने से किसी कूप या दाबीकृत उपस्कर के दाव की नियंत्रित निर्मुक्ति करना अभिप्रेत है;

(घ) "ब्लोआउट" से किसी कूप में से तरल पदार्थ का अचानक अनियंत्रित उग्र रूप से बाहर निकलना अभिप्रेत है;

(ङ.) "ब्लोआउट प्रीवेंटर" से ऐसी कोई युक्ति अभिप्रेत है, जो किक या ब्लोआउट उत्पन्न होने की दशा में -
(i) नलिका और केसिंग के बीच या ड्रिल पाईप और केसिंग के बीच या तार-रज्जू और नलिका के बीच के वलयाकार स्थान से कोई तरल पदार्थ के दाब को नियंत्रित करने या उसके अनियंत्रित पलायन को रोकने के लिए, या
(ii) छिद्र में कोई ड्रिल पाइप या नलिका न हो तो कूप को बंद करने के लिए, कूप शीर्ष के ऊपर लगाई जाती है:

(च) "केसिंग" से वेधन कार्य के समय किसी कूप में लगाई गई स्टील पाईप अभिप्रेत है जो कूपों को धँसने से और कूप में द्रव को वापस प्रविष्ट होने से रोकती है।"

(छ) "केसिंग लाइन" से इस्पात तार का कोई रस्सा अभिप्रेत है जो शीर्ष ब्लॉक और चल ब्लॉक के माध्यम से कूप में पाईपों को डालने और उठाने के लिए उपयोग में लाया जाता हो;

(ज) "कैट हेड" से ड्रॉ-वर्क्स या उपयुक्त स्थान पर स्थापित कोई युक्ति अभिप्रेत है जो पाईप जोड़ों को संयोजित या विघटित करने के लिए या ड्रॉ-वर्क्स पर शक्ति की सहायता से कैट लाइन के प्रचालन के लिए प्रयुक्त होता हो;

(झ) "कैट लाइन" से कोई रस्सा अभिप्रेत है जो भू-तल या आधार, पाईप रैक, औजार स्थान या डेरिक फर्श के कैटवॉक से किसी पाईप, वेधन औजार और अन्य उपस्कर को उठाने के लिए प्रयुक्त होता हो;

(ञ) "कैट वॉक" से वह रैम्प अभिप्रेत है जो रिग फर्श तक वेधन पाईप, ट्यूबिंग, केसिंग और वेधन या अन्य औजारों के लिए रास्ता देता हो;

(ट) "सेलर" से कूप के शीर्ष पर उपस्कर की इकाईयों के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए डेरिक के नीचे का उत्खनन अभिप्रेत है जो परवर्ती निपटान के लिए फर्श के नीचे जल-निकास और अन्य तरल पदार्थ को इकट्ठा करने के लिए एक गड्ढे के रूप में भी कार्य करता है।

(ठ) "सीमेंटिंग" से वह संक्रिया अभिप्रेत है जिसके द्वारा सीमेंट एवं जल के मिश्रण को केसिंग में से इस प्रकार पंप द्वारा भेजा जाता है कि वह कूप के तल के ऊपर एक पूर्व-निर्धारित ऊँचाई तक केसिंग और कूप की दीवारों के बीच के स्थान को भर देता है;

(ड) "क्रिसमस ट्री" से तरल पदार्थ के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए किसी कूप के शीर्ष पर संकलित बॉल्व और फिटिंगें अभिप्रेत है;

(ढ) "कोयला परत मिथेन" से कोई ऐसी प्राकृतिक गैस अभिप्रेत है जो कोयले की सीम या समीपस्थ संस्तरों में फंसी रहती है;

(ण) “संहिता” से तात्पर्य व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 से है;

(त) "कोल्ड वर्क" (“शीत कार्य”) से तात्पर्य ऐसे कार्य से है जो इतनी ऊष्मा ऊर्जा या चिंगारी उत्पन्न नहीं करता जिससे ज्वलनशील वायु-हाइड्रोकार्बन मिश्रण या कार्य स्थल पर विद्यमान किसी ज्वलनशील पदार्थ में दहन उत्पन्न हो सके;

(थ) “परामर्शदाता” से तात्पर्य ऐसे फर्म या व्यक्ति अथवा व्यक्तियों से है जो स्थापित प्रौद्योगिकियों और कार्यविधियों का उपयोग करते हुए विशिष्ट, बौद्धिक एवं प्रक्रिया-संबंधी उपायों से युक्त विशेषज्ञ या रणनीतिक परामर्श सेवाएँ प्रदान करते हैं तथा जिनके परिणाम मुख्यतः भौतिक स्वरूप के नहीं होते;

(द) "सम्पूरित कूप" से ऐसा कूप अभिप्रेत है जिसमें कूप की पेट्रोलियम धारित शैल-समूह या निस्सारी शैल-समूह कूप के लिए खुला है और जिस कूप में तथा कूप शीर्ष पर संस्थापित उपस्कर है जिससे कि यह भौतिक रूप से एक पेट्रोलियम उत्पादक, अंतःक्षेपक या निपटान कूप के रूप में कार्य निष्पादित करने में समर्थ हो;

(न) "क्राउन ब्लॉक" से डेरिक या मस्तूल के शीर्ष पर लगा हुआ ऐसा बहु-चरखेदार संकलन अभिप्रेत है जिसका उपयोग कूप के वेधन या सफाई के समय उपस्करों को उठाने और उतारने के लिए चल-ब्लॉक के साथ किया जाता है;

(प) "दिवा-प्रकाश के घंटे" से सूर्योदय से सूर्यास्त तक की अवधि अभिप्रेत है;

(फ) "उप प्रबंधक" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो इन विनियमनों के अधीन यथा उपबंधित अर्हताएँ रखता हो और जिसे खान या उसके किसी भाग के नियंत्रण, प्रबंधन, निदेशन और पर्यवेक्षण में प्रबंधक की सहायता के लिए स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक द्वारा लिखित रूप में नियुक्त किया गया है और जो प्रबंधक के ठीक नीचे के दर्जे का है;

(ब) "डेरिक" से एक ऐसी मिश्रित जालीदार संरचना अभिप्रेत है जिसका उपयोग वेधन या कूप सर्विसिंग के प्रयोजनों के लिए कूप के ऊपर किया जाता है, और जिसमें एक मस्तूल शामिल है;

(भ) "अभिकल्पक" से कोई ऐसा व्यक्ति, व्यक्तियों का संघ, कंपनी या संस्थान अभिप्रेत है जो तेल या गैस प्रणाली, गैस खनन पद्धति या तेल या गैस खानों में उपयोग के लिए मशीनरी, संयंत्र, उपस्कर, साधित्र या पदार्थों का अभिकल्पन करता हो;

(म) "ड्रॉ-वर्क्स" से शैफ्टों, दंतचक्रों, चेनों, पुलियों, बेल्टों, क्लचों, कैट हेडों या अन्य यांत्रिक युक्तियों का एक संकलन अभिप्रेत है जिसमें किसी कूप का वेधन करने या उत्पादन कूप की सफाई करने के लिए प्रयुक्त उपस्कर को उठाने, प्रचालित करने और संभालने के लिए नियंत्रण उपयुक्त रूप से लगाए गए हैं और उनकी व्यवस्था की गई है;

(य) “ड्रिलर” से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जिसे खान के प्रबंधक द्वारा ड्रिलिंग या वर्कओवर कूप के प्रभारी के रूप में लिखित रूप में अधिकृत किया गया है और जो ड्रिलिंग या वर्क ओवर प्रक्रिया के दौरान कूप के संचालन और सुरक्षा पहलुओं की निगरानी के लिए जिम्मेदार है।

(यक) "बेधन" से यांत्रिक या अन्य साधनों द्वारा भू-पृष्ठ में छिद्रण करना अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत वैसे छिद्र की दीवारों को धँसने से रोकने तथा वैसे छिद्र को जल सहित बाहरी सामग्रियों से भरने से बचाने के लिए सभी संक्रियाएँ शामिल हैं;

(यख) "वेधनरिग" से बोर छिद्र स्थल पर वेधन करने के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित संपूर्ण संरचना और मशीनरी अभिप्रेत है;

(यग) "उत्थापक" से इस्पात की एक ऐसी यांत्रिक युक्ति अभिप्रेत है जिसका उपयोग चल ब्लॉक से लटके हुए उत्तोलन ऊपर के साथ लटकी हुई पाईप या छड़ को किसी कूप में नीचे करने या उससे खींचने के लिए किया जाता है;

(यघ) "आपात बचाव युक्ति" से ऐसी आनत तार रज्जू अभिप्रेत है जिससे मंकी बोर्ड के ऊपर के किसी बिंदु से सुरक्षा सवारी या स्लाईड को नीचे भू-स्थिरक तक ले जाया जाता है और जिसमें ऐसी सवारी या स्लाईड शामिल है;

(यड.) "विस्फोट मापक मीटर" से ज्वलनशील गैस की सांद्रता को मापने का उपस्कर अभिप्रेत है;

(यच) "विस्फोटक" का वही अर्थ होगा जो विस्फोटक अधिनियम, 1884 (1884 का 4) में उस शब्द के लिए नियत है;

(यछ) “स्पंदन क्रिया मान (Exposure Action Value)” से तात्पर्य दैनिक स्पंदन के उस स्तर या मात्रा से है, जो किसी निश्चित मान से अधिक हो जाने पर नियोक्ता के लिए स्पंदन स्तर को नियंत्रित करने की कार्रवाई करना आवश्यक हो जाता है, तथा जिसे मीटर प्रति सेकंड वर्ग A (8) में व्यक्त किया जाता है;
स्पष्टीकरण: A (8) का अर्थ है एक दिन में आठ (8) घंटे का औसत (A) एक्सपोजर;

(यज) “स्पंदन सीमा मान (Exposure Limit Value)” से तात्पर्य उस अधिकतम स्पंदन मात्रा से है, जिसके संपर्क में कोई श्रमिक प्रतिदिन आठ (8) घंटे की औसत अवधि में रहता है, तथा जिसे मीटर प्रति सेकंड वर्ग A (8) में व्यक्त किया जाता है;

(यझ) "ज्वलारोधी घेरा" का वही अर्थ होगा जो केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति संबंधित उपाय) विनियम, 2023 के अधीन नियत है तथा इसमें समय-समय पर किए गए संशोधनों में निर्दिष्ट किया गया है।;

(यञ) "ज्वलनशील" से ऐसा पदार्थ अभिप्रेत है, जिसमें आसानी से प्रज्ज्वलित हो सकने की क्षमता है, जो तीव्रता के साथ दहन हो या जो ज्वाला प्रसार की दूत दर रखता हो;

(यट) “फ़्लैश पॉइंट" से वह निम्नतम तापमान अभिप्रेत है जिस पर कोई पेट्रोलियम तरल हवा के साथ ज्वलनशील मिश्रण बनाने के लिए पर्याप्त सान्द्रता में वाष्प उत्पन्न करता हो और वह मानक, यथा, IS 1448 या उसके संशोधित रूप के अनुसार परीक्षण की विनिर्दिष्ट परिस्थितियों के अधीन एक लघु आरंभिक ज्याला के उपयोग पर एक क्षणिक प्रकाश प्रदर्शित करता है;

(यठ) "फ्लेयर" से ऐसी ज्वाला अभिप्रेत है जिसका उपयोग प्रक्रिया की आवश्यकता के अनुसार गैस के निपटान के लिए किया जाता है;

(यड) "फ्लोर ब्लॉक" से तलीय स्तर पर या तल के निकट स्थापित एक एकल चरखीनुमा पुली या खिंचाई ब्लॉक अभिप्रेत है जिसके सहारे रस्सी पर खिंचाई की दिशा बदली जा सकती है;

(यड) "प्रपत्र"से तात्पर्य इन विनियमों के अंतर्गत मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा निर्दिष्ट प्रपत्र से है;

(यण) "विभंग" से प्रवाह मार्ग खोलने के लिए किसी तरल पदार्थ को अधस्तल स्तर के प्रवेश कराने की प्रक्रिया अभिप्रेत है;

(यत) "गैस" से पेट्रोलियम में उपस्थित या व्युत्पन्न हाइड्रोकार्बन की वाष्प स्थिति अभिप्रेत है और जिसमें प्राकृतिक गैस शामिल है;

(यथ)"गैस मुक्त" से एक ऐसा वातावरण अभिप्रेत है जिसमें -

(i) ज्वलनशील गैस की प्रतिशतता, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति संबंधित उपाय) विनियम, 2023 के अधीन, ऐसी गैस की उपस्थिति में विद्युत आपूर्ति को वियोजित करने हेतु विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक न हो;

(ii) ऑक्सीजन की प्रतिशतता उन्नीस से कम न हो; और

(iii) हानिकारक गैसें, अनुसूची-I में दी गई अनुज्ञेय सीमा के भीतर हो;

(यद) "गैस कूप" से ऐसा कूप अभिप्रेत है जिससे किसी गैस धारक जोन से निरन्तर उत्पादन होता रहता है या ऐसा कूप जिसमें केसिंग गैस के निरन्तर उत्पादन के लिए चलाया जाता है;

(यध) "हैण्ड आर्म वाइब्रैशन (HAV)"("Hand Arm vibration (HAV)" ("हाथ-भुजा स्पंदन") से तात्पर्य उस यांत्रिक स्पंदन से है जो मानव के हाथ-भुजा तंत्र में संचारित होकर श्रमिक के स्वास्थ्य के लिए जोखिम उत्पन्न करता है, विशेष रूप से कंकाल, तंत्रिका, रक्तवाहिकीय अथवा पेशीय तंत्र को प्रभावित करते हुए "हैण्ड आर्म वाइब्रैशन सिंड्रोम" उत्पन्न करता है। आठ घंटे की कार्य अवधि में हाथ-भुजा स्पंदन के सम्पर्क की मात्रा को A(8) के रूप में व्यक्त किया जाता है;

(यन) "जोखिम" से तात्पर्य ऐसी वस्तु या स्थिति से है जिसमें खान में कार्यरत किसी व्यक्ति को चोट या रोग होने की संभावना निहित हो;

(यप) "जोखिममय क्षेत्र" से ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है जहाँ जोखिममय वातावरण विद्यमान है या उसके होने की संभावना है;

(यफ) "जोखिममय वातावरण" से ऐसा वातावरण अभिप्रेत है जिसमें उतनी सान्द्रता में कोई ज्वलनशील गैस उपस्थित है जो प्रज्वलन के लिए सक्षम है या जिसमें हानिकारक गैसें अनुसूची-I में दी अनुसार अनुज्ञेय सीमा से अधिक मौजूद हों;

(यव) "हॉट वर्क" से ऐसा कार्य या क्रियाकलाप अभिप्रेत है जो ऐसे स्थान पर जहाँ ज्वलनशील वाष्प, गैसों या धूल की मौजूदगी संभावित हो, प्रज्वलन के लिए पर्याप्त ऊर्जा की चिनगारी या ज्वाला या ज्वलन का अन्य स्रोत उत्पन्न कर सकता है;

(यभ)"संस्थापन" से कोई ऐसा स्थिर ढाँचा या संरचना या जलयान या उसका कोई भाग अभिप्रेत है जिसे खान के भीतर पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस के अन्वेषण या समुपयोजन के संबंध में या ऐसे समुपयोजन, उत्पादन, भंडारण या परिवहन की दृष्टि से अनुरक्षित किया गया है या स्थापित किया जाना है;

(यम) "संस्थापन प्रबंधक" से खान के स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक द्वारा लिखित में नियुक्त किया गया ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो संस्थापन के या उसके संबंध में सभी संक्रियाओं और क्रियाकलाप का भारसाधक है और उनके लिए उत्तरदायी है:

(यय) "आयनकारी विकिरण" से किसी रेडियोऐक्टिव पदार्थ के परमाणु न्युक्लिअस के स्वतः विदाटी विखंडन के कारण ऐसा उत्सर्जन अभिप्रेत है जो स्वास्थ्य के लिए जोखिम वाला है;

(ययक) “आयरन रफनेक” से तात्पर्य उस यांत्रिक उपकरण से है जो रिग के डेरिक फर्श पर स्थापित होता है, जिसे हस्तचालित या दूरस्थ नियंत्रण द्वारा संचालित किया जाता है तथा जिसका उपयोग रोटरी उपकरण के साथ मिलकर पाइप जोड़ों को जोड़ने या खोलने के लिए किया जाता है;

(ययख) “केली” से तात्पर्य उस ड्रिल पाइप से है जिसकी बाहरी सतह बहुभुजी (तीन, चार, छह या आठ भुजाओं वाली) अथवा कटीदार होती है, जिसे रोटरी टेबल या केली बुशिंग से ड्रिल स्ट्रिंग में घूर्णन गति संचारित करने, ड्रिल स्ट्रिंग को घूर्णन के दौरान नीचे उतारने या ऊपर उठाने तथा द्रव प्रवाह का मार्ग प्रदान करने के लिए निर्मित किया गया है;

(ययग) "केली कॉक" से घूर्णीमान और केली या केली और वेधन पाईप के बीच संस्थापित कोई बॉल्व अभिप्रेत है जो तरल पदार्थों के उच्च दाब पश्चप्रवाह के घटित होने की दशा में दाब को नियंत्रित करने के लिए और घूर्णीमान एवं घूर्णी होज पर से दाब को दूर रखने के लिए होता है;

(ययघ) "किक" से बेधन किए जाने पर कूप में प्रवेश करने वाले शैल-समूह तरल पदार्थों के अंतर्वाह से भारित लघु अवधि का कोई अचानक दाब प्रोत्कर्ष अभिप्रेत है;

(ययड.)"उत्थापन उपस्कर" से क्षैतिज गति के साथ उसके बिना कोई संयुक्त इकाई अभिप्रेत है, जिसका उपयोग माल के उत्थापन या उसे नीचे भेजने के लिए किया जाता है;

(ययच) "उत्थापन गियर" से किसी उत्थापन उपस्कर के भारण हुक पर रखा जाने वाला प्रत्येक किस्म का उपस्कर अभिप्रेत है और इसमें धारक-पात्र, इस्पात टोकरी, लिफ्टिंग योक, मल्टी-स्लिंग या चेन या तार शामिल हैं;

(ययछ) "आवासीय निवास" से संस्थापन का वह भाग अभिप्रेत है जहाँ कार्मिकों के आवासीय कक्ष, सम्मेलन कक्ष, पोत और कार्यालय होते हैं;

(ययज) "ल्यूब्रीकेटर" से क्रिसमस ट्री के शीर्ष पर स्थापित एक युक्ति अभिप्रेत है जिसके ऊपरी छोर पर एक दाब बंद करने वाली युक्ति की व्यवस्था इसलिए की गई होती है ताकि वह कूप के अन्दर जाने वाले वायर-लाइन या औजारों से जुड़े अन्य संबंधित उपकरणों को प्रभावी रूप से बंद करने में समर्थ हो सके;

(ययझ) "बड़ी दुर्घटना" से ऐसी घटना अभिप्रेत है, जिसमें खास तौर पर वेधन की प्रक्रिया के दौरान अनियंत्रित विकास से और पेट्रोलियम के उत्पादन, भंडारण, संचालन या परिवहन के दौरान भारी अग्नि उत्सर्जन या विस्फोट शामिल है, या मशीनरी के संचारण या परिवहन या प्राकृतिक घटनाओं के कारण गंभीर प्रभाव हुए हों (संस्थापन के भीतर या बाहर, तत्काल और विलंबित दोनों प्रकार से) जिससे जीवन या संपत्ति का भारी नुकसान हो या होने की संभावना हो;

(ययञ) "बड़ी आग" से कोई ऐसी आग अभिप्रेत है, जो पंद्रह मिनट के अन्दर नहीं बुझाई जाए;

(ययट) "प्रबंधक" से तात्पर्य व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य कार्य स्थिति संहिता, 2020 की धारा 67 के तहत नियुक्त व्यक्ति है|;

(ययठ)"विनिर्माता" से कोई ऐसा व्यक्ति, व्यक्तियों का संघ, कंपनी या संस्था अभिप्रेत है जो तेल खानों में उपयोग के लिए मशीनरी, संयंत्र, उपस्कर, साधित्र या सामग्री का विनिर्माण करता हो;

(ययड) "मंकी बोर्ड" से डेरिक फर्श के ऊपर स्थापित एक ऐसा चल या स्थिर प्लेटफार्म अभिप्रेत है जिस पर कार्यरत व्यक्ति डेरिक पर रखी हुई पाइपों या अन्य उपस्कर को संभानने के लिए खड़े होते हैं;

(ययञ) "मड " से ऐसा द्रव अभिप्रेत है जिसे वेधन या वर्क ओवर संक्रियाओं के दौरान या अस्थायी बंदी की दशा में कूप के द्वारा ऐसे परिसंचरण किया जाता है जिससे कि तरल स्तंभ का द्रव स्थैतिक दाब कूप शीर्ष पर पेट्रोलियम का क्षरण रोकने के शैल-समूह दाब को अतिसंतुलन करे;

(ययढ) "मड पंप" से कोई ऐसा पंप अभिप्रेत है, जिसका उपयोग किसी वेधन रिग या वर्कओवर रिग पर पंक (मड) या कूप द्रव को परिसंचलन करने के लिए किया जाता है;

(ययण) "मड टंकी" से तात्पर्य उस जलाशय या टैंक से है जिसमें ड्रिलिंग द्रव को अस्थायी रूप से संग्रहीत या संसाधित किया जाता है तथा उसमें योजक पदार्थ मिलाए जाते हैं, ताकि उसे पुनः कुएँ में पंप किया जा सके;

(ययत) "अधिकारी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक द्वारा खान या उसके किसी भाग में पर्यवेक्षण के कर्तव्यों का पालन करने के लिए लिखित में नियुक्त किया गया है और इसके अन्तर्गत उप-प्रबंधक, संस्थापन प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी, अग्नि शमन अधिकारी और सर्वेक्षक भी हैं;

(ययथ) "तेल" से खनिज तेल अभिप्रेत है, जिसमें प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम शामिल हैं;

(ययद) "तेल क्षेत्र" से तेल क्षेत्र (विनियम और विकास) अधिनियम, 1948 (1948 का 53) में यथा परिभाषित तेल क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ययध) "तेल क्षेत्र पाईप लाइन" से कोई ऐसा पाईप लाइन या पाईप लाइन तंत्र (नेटवर्क) अभिप्रेत है, जो किसी तेल क्षेत्र में पेट्रोलियम या अन्य वस्तुओं के परिवहन के लिए उपयोग में लाया जाता हो;

(ययन) "तेल कूप" से कोई ऐसा कूप अभिप्रेत है जो पेट्रोलियम का उत्पादन कर रहा हो या जिसकी पेट्रोलियम उत्पादन करने की क्षमता हो;

(ययप) "आउट-लाइन" से कोई ऐसी रस्सी अभिप्रेत है, जो डेरिक से डेरिक-मार्ग तक या डेरिक के बाहर किसी अन्य स्थान तक पाईपों, वेधन औजारों या अन्य उपकरणों के वहन के लिए उपयोग में लाया जाता हो;

(ययफ) "पेट्रोलियम" से मुक्त अवस्था में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले हाइड्रोकार्बन अभिप्रेत है जो चाहे प्राकृतिक गैस के रूप में हो या एक तरल, लचीला अथवा ठोस के रूप में, परंतु इसमें पेट्रोलियम के साथ संयुक्त हीलियम शामिल नहीं है;

(ययब) "पाईप रैक" से रिग फ्लोर के स्तर से लगी हुई किन्तु प्रायः उससे नीचे, अवस्थित संरचना अभिप्रेत है जिस पर पाईप या केसिंग को संचित किया जा सकेगा या रखा जा सकेगा;

(ययभ) "मंच" से व्यक्तियों का कार्यकरण स्थान अभिप्रेत है, जो मशीनरी और उपस्कर के प्रचालन के लिए प्रतिवेशी फ्लोर या भूमि या समुद्र के ऊपर उठा रहता है;

(ययम) "मुख्य जोखिम" से तात्पर्य ऐसे जोखिम से है जिसमें एकाधिक मृत्यु होने की संभावना निहित हो;

(ययय) "रैक किया हुआ" से तात्पर्य उन नलिकाकार वस्तुओं या छड़ों से है जो डेरिक या मस्तूल में खड़ी रखी जाती हैं या पाइप रैक पर संग्रहित की जाती हैं;

(यययक) "रेकिंग मंच" से ऊँचाई पर के डेरिक या मस्तूल में का मंच अभिप्रेत है जहाँ सामान्यतया डेरिक मैन में रेक पर रखी गई पाईपों को संभालने के लिए अपेक्षा की जाती है;

(यययख) "क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता " से तात्पर्य किसी निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता से है, जिसका उस भौगोलिक क्षेत्र पर अधिकार क्षेत्र है जिसमें खान स्थित है या खदानों का समूह या वर्ग स्थित है, जिस पर वह संहिता के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करता है;

(ययग) "रिग खड़ा करना" से वेधन अथवा वर्कओवर संक्रियाओं के आरंभ से पूर्व वेधन या वर्कओवर रिग और सहायक उपस्कर का संकलन कार्य अभिप्रेत है और इसमें उत्थापन तथा स्थापन भी शामिल हैं;

(ययघ) "नदी" से कोई जल-धारा या जल-प्रवाह अभिप्रेत है, चाहे वह मौसमी हो या निरंतर बहनेवाली और इसके अन्तर्गत ज्ञात उच्चतम बाढ़ स्तर तक के उसके तट भी शामिल हैं;

(ययङ.) "घुर्णी होज" से ऐसा होज अभिप्रेत है जो स्टेंड पाईप से घूर्णमान और कैली तक परिसंचारी तरल का संचालन करता है;

(ययघ) "घुर्णी टेबल" से मुख्यतः बेधन स्टिंग को घुमाने के लिए प्रयुक्त रिंग फ्लोर पर शक्ति प्रचालित घूर्णन टेबल अभिप्रेत है;

(ययङ.) "सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली" से तात्पर्य उस दृष्टिकोण से है जिसके द्वारा जोखिमों की पहचान की जाती है, उनके आकलन किए जाते हैं, जोखिम नियंत्रण उपायों की प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाती है, तथा जिसमें जोखिमों के प्रबंधन हेतु प्रणालीबद्ध प्रक्रियाएँ, अभ्यास और नीतियाँ सम्मिलित होती हैं;

(ययच) "सुरक्षा अधिकारी" से तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति से है जिसे व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएँ संहिता, 2020 की धारा 22 की उपधारा (2) के अंतर्गत नियुक्त किया गया हो;

(ययछ) "अनुसूची" से इन विनियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ययज) "सिमऑप्स" "("SIMOPS") से तात्पर्य उन समकालिक परिचालनों से है, जहाँ एक ही स्थान पर या उसके आस-पास दो या अधिक प्रमुख गतिविधियाँ, जैसे ड्रिलिंग, उत्पादन, वर्क-ओवर, सामग्री संभालना, हॉट वर्क, पुनर्निर्माण और निर्माण कार्य एक साथ किए जाते हैं;

(ययझ)"स्टैंड" से पाईपों के ऐसे सेक्शन अभिप्रेत है जिनकी लम्बाई दो या अधिक पाईपों को जोड़कर बनी है और जो डेरिक में रैक पर रखे गए हैं;

(ययज) "मानक कार्य प्रणाली" से तात्पर्य कार्य करने की उस दस्तावेजीकृत विधि या व्यवस्था से है जिसके माध्यम से खान में कार्यरत व्यक्तियों के प्रति जोखिम को समाप्त या न्यूनतम किया जाता है;

(ययझ) "मानक रेलिंग" से व्यक्तियों के गिरने से रोकने के लिए फ्लोर की खुली जगह, दीवाल की खुली जगह, रैम्प मंच या पैदल मार्ग के खुले किनारों के साथ-साथ बने अर्ध्वाधर रोक अभिप्रेत है;

(ययञ)"उप संरचना" से वह नींव (आधार) अभिप्रेत है जिस पर सामान्यतया डेरिक और इंजन बैठाए जाते हैं;

(यययट) "आपूर्तिकर्ता" से कोई ऐसा व्यक्ति, व्यक्तियों का संघ, कंपनी या संस्था अभिप्रेत है जो तेल की खानों में उपयोग के लिए प्रौद्योगिकी, मशीनरी, संयंत्र, उपस्कर, साधित्र या सामग्री (सामग्रियों) की आपूर्ति करता हो;

(यययठ) "सतत केसिंग दाब" से तात्पर्य किसी बंद कुएँ के वलयाकार भाग में विद्यमान उस दाब से है जो कुएँ के शीर्ष पर मापनीय होता है तथा स्रवण के पश्चात पुनः उत्पन्न हो जाता है, और जो संचालक द्वारा कृत्रिम रूप से लगाए गए दाब या कुएँ के छिद्र तापमान में उतार-चढ़ाव के अतिरिक्त एक या अधिक कारणों से उत्पन्न होता है;

(यययड) "सतही आवरण" से अदृढ़ीकृत शैल-समूहों को बैंकने का ऐसा आवरण अभिप्रेत है, जो छिछले गैस प्रवाह के विरूद्ध संरक्षण प्रदान करने के लिए, जलधारक शैल-समूहों को सील बंद करने के लिए, संदूषण से ताजे जल के संरक्षण के लिए, गवां दिए गए परिसंचरण क्षेत्रों के लिए तथा कूपशीर्ष के लिए संरचनात्मक आधार प्रदान करने के लिए होता है;

(यययढ) "स्वाबिंग" से तार रज्जू पर संक्रियण से, जब कूप सामान्य रूप से न बह रहा हो, तब, तरल को सतह पर लाने की संक्रिया अभिप्रेत है;

(यययण) "टो बोर्ड" से सामग्री को गिरने से रोकने के लिए फ्लोर की खुली जगह, मंच, पैदल मार्ग या रैम्प के खुले किनारों के साथ-साथ बने फ्लोर स्तर पर अध्वाधर रोक अभिप्रेत है;

(यययत) "विषैली गैस" से ऐसी कोई गैस अभिप्रेत है जिससे एक या एक से अधिक शारीरिक तंत्र की सामान्य शारीरिक प्रक्रिया में परिवर्तनीय या अपरिवर्तनीय गड़बड़ी हो सकती है;

(यययथ) "चल ब्लॉक" से वेधनस्ट्रिंग, केसिंग, नलिका छड़ों और अन्य औजारों को ऊपर उठाने और नीचे करने के लिए स्थिर क्राउान ब्लॉक के साथ प्रयुक्त बहु चरखीदार पुली ब्लॉक अभिप्रेत है;

(यययद) "कूप" से अभिप्रेत है भू-पृष्ठ में -

(i) वेधन या बोरिंग या किसी अन्य रीति से किया गया या किया जा रहा छिद्र जिससे कोई पेट्रोलियम प्राप्त की जाती है या प्राप्त होती है या पेट्रोलियम प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए है; या
(ii) जल प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए अन्तः क्षेपण करने या प्राकृतिक गैस, वायु जल या किसी अन्य पदार्थ को भूमिगत शैल-समूह में अन्तः क्षेपण करने के लिए उपयोग किया गया, वेधन किया गया है या वेधन किया जा रहा छिद्र या कोई छिद्र अभिप्रेत है;

(यययथ) "कूप शीर्ष" से कूप केसिंग श्रृंखला के शीर्ष पर निकासियों और वाल्वों सहित तरल पदार्थों के बहाव को नियंत्रित करने के लिए संयोजन अभिप्रेत है;

(यययद) "कूप छिद्रण" से कूप केसिंग या ट्युबिंग या सीमेन्ट में छिद्रण करना अभिप्रेत है जिससे कि उत्पादन या परीक्षण के लिए या कूप संक्रियण के प्रयोजन के लिए प्रवाह मार्ग की व्यवस्था हो सके;

(यययध) "कूप सर्विसिंग" से कूप में एक या अधिक प्रकार के सुधारात्मक संक्रियाएँ अभिप्रेत है जिनका उद्देश्य किसी वर्क ओवर या उपस्कर को आवेष्टित किए बिना उत्पादन फिर से चालू करना या बढ़ाना है;

(यययन) "सम्पूर्ण शरीर स्पंदन""("Whole Body vibration (WBV)" से तात्पर्य उस यांत्रिक स्पंदन से है जो सम्पूर्ण शरीर में संचारित होकर श्रमिक के स्वास्थ्य के लिए जोखिम उत्पन्न करता है, विशेष रूप से मेरुदंड को प्रभावित करते हुए " होल बॉडी वाइब्रैशन सिंड्रोम" तथा अन्य निचले पीठ संबंधी विकृतियाँ उत्पन्न करता है। आठ घंटे की कार्यावधि में सम्पूर्ण शरीर स्पंदन के सम्पर्क की मात्रा A(8) के रूप में व्यक्त की जाती है;

(यययप) "वर्क ओवर" से किसी कूप पर उत्पादन को फिर से चालू करने या बढ़ाने के उद्देश्य से एक या एक से अधिक प्रकार की सुधारात्मक संक्रियाओं का किया जाना अभिप्रेत है;

(यययफ) "वर्क-ओवर रिग" ("Work-over Rig") से तात्पर्य उस पूर्ण संरचना और यांत्रिक उपकरणों से है जो कुएँ में वर्क-ओवर परिचालन करने हेतु आवश्यक होते हैं;

(यययब) जोन "0" जोखिममय क्षेत्र' से वह क्षेत्र अभिप्रेत है जहाँ जोखिममय वातावरण निरंतर मौजूद रहता है;

(यययभ) जोन "1" जोखिममय क्षेत्र' से वह क्षेत्र अभिप्रेत है जहाँ सामान्य संक्रियात्मक शर्तों के अधीन रहते हुए जोखिममय वातावरण पाए जाने की संभावना है;

(यययम) जोन "2" जोखिममय क्षेत्र' से वह क्षेत्र अभिप्रेत है जहाँ केवल असामान्य संक्रियात्मक शर्तों के अधीन जोखिममय वातावरण पाए जाने की संभावना है।

(2) वे शब्द और पद जो इन विनियमों में प्रयुक्त हुए हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं, किन्तु संहिता में परिभाषित हैं उनके क्रमशः वही अर्थ होंगे जो संहिता में उनके लिए नियत किए गए हैं।

अध्याय – 2
सूचनाएँ और रेखांक

3. परित्याग, बन्द अथवा कार्य स्थगित करने की या पुनः आरंभ करने की सूचना. - (1) जब किसी खान या खनन का परित्याग अथवा , पूर्णतः कार्य-निरुद्ध या उसका कार्य चार मास से अधिक अवधि के लिए स्थगित कर देना आशयित हो, तो खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, ऐसे परित्याग अथवा बन्द करने या कार्य स्थगित करने के कम से कम 30 दिन पूर्व मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता, क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और जिला मजिस्ट्रेट को, इस प्रयोजन के लिए मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप और पद्धति में, सूचना देगा, जिसमें उस प्रस्तावित परित्याग अथवा पूर्णतः कार्य-निरुद्ध या कार्य स्थगित करने के कारणों का तथा उससे प्रभावित होने वाले व्यक्तियों की संभाव्य संख्या का उल्लेख करेगा।

परन्तु यदि उपरोक्त सूचना देने से पहले किन्हीं अदृश्य परिस्थितियों के फलस्वरूप कोई खान चार मास से अधिक अवधि के लिए परित्यक्त, पूर्णतः कार्य-निरुद्ध या उसमें काम स्थगित किया जाता है, तब उस अवस्था में स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक यह सूचना तत्काल देगा।

(2) जब परित्याग अथवा बंद के बाद या चार मास की अवधि से अधिक समय तक कार्य स्थगित रखने के बाद किसी खान या खनन को पुनः आरंभ करना आशयित हो, तो खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक खनन संक्रिया को पुनः चालू करने से कम से कम 30 दिन पूर्व मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता, क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और जिला मजिस्ट्रेट को, इस प्रयोजन के लिए मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप और पद्धति में, सूचना देगा।

(3) जब कोई खान पुनः आरंभ कर ली गई हो, तब खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक पुनः आरंभ करने की वास्तविक तारीख मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता, क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और जिला मजिस्ट्रेट को तत्काल संसूचित करेगा।

4. **स्वामित्व में परिवर्तन और नियुक्ति आदि की सूचना** (1) (क) जब खान के नाम या स्वामित्व में या स्वामी के पते में कोई परिवर्तन हो, तो खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक ऐसे परिवर्तन की तारीख से चौदह दिन के भीतर मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को, इस प्रयोजन के लिए मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप और पद्धति में, सूचना देगा :

परन्तु जहाँ खान का स्वामी कोई फर्म या व्यक्तियों का अन्य संघ है, वहाँ –

(i) फर्म की दशा में, किसी भागीदार का परिवर्तन;

(ii) संघ की दशा में, किसी सदस्य का परिवर्तन;

(iii) पब्लिक कंपनी की दशा में, किसी निदेशक का परिवर्तन; या

(iv) प्राइवेट कंपनी की दशा में, किसी शेयर धारक का परिवर्तन,

की भी सूचना ऐसे परिवर्तन की तारीख से चौदह दिन के भीतर मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को दी जाएगी।

(ख) जब किसी खान का स्वामित्व अंतरित कर दिया जाए तब पूर्वतन स्वामी या उसका अभिकर्ता ऐसे अंतरण से चौदह दिन के भीतर संहिता के और विनियमों के या उनके अधीन किए गए आदेशों के अनुसरण में अनुरक्षिक समस्त नक्शे, रिपोर्ट, रजिस्टर और अन्य अभिलेख तथा खान चलाने से संबंधित और उससे सुसंगत सभी पत्राचार नये स्वामी या उसके अभिकर्ता को सौंप देगा; और इस खण्ड की अपेक्षाओं का सम्यक रूप से अनुपालन हो जाने पर, पूर्वतन और नया स्वामी या उनके अपने-अपने अभिकर्ता लिखित रूप में मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को तत्काल सूचित करेंगे।

(2) जब किसी अभिकर्ता, प्रबंधक, उप-प्रबंधक, संस्थापन प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी या अग्निशमन अधिकारी की नियुक्ति की जाए या जब ऐसे किसी व्यक्ति का नियोजन समाप्त कर दिया जाए या जब ऐसा कोई व्यक्ति उक्त नियोजन छोड़ दे या जब किसी अभिकर्ता या प्रबंधक के पते में कोई परिवर्तन हो, तो खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक ऐसी नियुक्ति, समाप्ति या परिवर्तन की तारीख से चौदह दिन के भीतर मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता और क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को, इस प्रयोजन के लिए मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप और पद्धति में, सूचना देगा।

(3) प्रत्येक खान का प्रबंधक, उसके खान की बावत प्रत्येक उप प्रबंधक, संस्थापन प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी और अन्य पदधारियों और सक्षम व्यक्तियों की नियुक्ति और नियोजन की समाप्ति से संबंधित सभी प्रकार के दस्तावेजों को रखेगा और उससे संबंधित सभी दस्तावेज खान के कार्यालय में उपलब्ध रखे जाएँगे।

5. रेखांक.- (1) प्रत्येक खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक निम्नलिखित रेखांकों को परिशुद्ध और अद्यतित रखेगा, अर्थात् -

(क) राष्ट्रीय ग्रिड के प्रतिनिर्देश से एक मूल रेखांक जिसमें सम्यक रूप से सीमांकित वह क्षेत्र दिखाया जाएगा, जिसमें तेल के निष्कासन के लिए संक्रियाएँ और आनुषंगिक संक्रियाएँ की जाती हैं;

(ख) एक बहिस्तल रेखांक जिसमें खान सीमा के भीतर कूपों, उत्पादन सुविधाओं, तथा पाईप लाइनों के साथ उनके पहुँच मार्ग सहित सभी संस्थापनों, रेल, विद्युत पारेषण लाइनों, लोक मार्गों, भवनों या ऐसे अन्य स्थायी संरचनाओं जो स्वामी के नहीं हैं, नदियों और जलमार्गों का अवस्थान दिखाया जाएगाः

परन्तु मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता, एक लिखित आदेश द्वारा, खान सीमा से ऐसी दूरी तक का रेखांक रखा जाना अपेक्षित कर सकता है, जो वह उसमें विनिर्दिष्ट करे।

(2) इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार रखा गया हर रेखांक -

(क) खान और उसके स्वामी का नाम तथा वह प्रयोजन जिसके लिए वह तैयार किया गया है, दर्शित करेगा;

(ख) वास्तविक उत्तर दिशा या चुंबकीय मेरिडियन और उसकी तारीख,दर्शित करेगा;

(ग) जब तक अन्यथा उपबंधित न हो, ऐसे मापमान के अनुसार होगा जिसका सूचक गुणक -

(i) 50,000: 1, मूल नक्शों की दशा में;

(ii) 20,000: 1, उप-विनियम 1 के खंड (ख) में उल्लिखित तेल कूपों, गैस कूपों और अन्य संस्थापनों अवस्थानों को दर्शाती हुई रेखांक की दशा में:

परन्तु मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता एक लिखित आदेश द्वारा और उन शर्तों के अधीन जो वह उसमें विनिर्दिए करे, रेखांक को किसी अन्य उपयुक्त मापमान पर बनाया जाना अनुज्ञात कर सकेगा;

(घ) चिरस्थायी कागज पर, अनुरेखन कपड़े पर अथवा कम से कम 100 माइक्रो गेज की पॉलिएस्टर ट्रेसिंग फ़िल्म पर सुव्यवस्थित रूप से स्याही से अथवा रंगीन मुद्रित रूप में तैयार किया जाएगा तथा उत्तम अवस्था में सुरक्षित रखा जाएगा; अथवा मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित किसी भी डिजिटल स्वरूप में तैयार किया जाएगा।"

परन्तु, जहाँ खान में रेखाक को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखा जाता है, वहाँ खान के स्वामी, अभिकर्ता और प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि वे डिजिटल तरीके से हस्ताक्षरित किए गए हैं तथा उनमें बदलाव या विरूपण की संभावना नहीं है और उन्हें इस प्रकार सुरक्षित किया गया है कि स्वामी, अभिकर्ता, प्रबंधक और मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता या किसी निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा पुनर्नप्त करना सुसाध्य हो;

(ङ.) शुद्ध और अद्यतित रखा गया हो जो बारह मास के पहले का न हो।

(3) सभी रेखांक, जिनका रखा जाना इन विनियमों या तदधीन बने किसी आदेश के अंतर्गत अपेक्षित हो, उन्हें खान के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ना रखा जाएगा और तत्संबंधी एक सूची रखी जाएगी।

6. सर्वेक्षक द्वारा, रेखांक, आदि को तैयार किया जाना.- प्रत्येक ऐसा रेखांक या सेक्सन, जिसका रखा जाना इन विनियमों अथवा तद्धीन किसी आदेश के अंतर्गत अपेक्षित हों, सर्वेक्षक द्वारा ही अथवा उसके स्वयं के पर्यवेक्षण में ही तैयार किया जाएगा और उस पर उसके द्वारा इस आश्य का एक प्रमाण-पत्र होगा कि वह रेखांक या सेक्सन या उसका भाग शुद्ध है और प्रत्येक ऐसे अवसर पर जब रेखांक या सेक्सन अद्यतन किया जाए, उन पर सर्वेक्षक द्वारा हस्ताक्षर करके तारीख डाली जाएगी और प्रबंधक द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित करके तारीख डाली जाएगी।

अध्याय - III

मुख्य निरीक्षक सह सुविधाकर्ता, निरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता, प्रबंधन, अधिकारी और सक्षम व्यक्ति

7. मुख्य निरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता और निरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता के लिए योग्यता: -

(1) किसी भी व्यक्ति को मुख्य निरीक्षक सह सुविधाकर्ता के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शैक्षणिक संस्थान से खनन इंजीनियरिंग में डिग्री न हो।

(2) किसी भी व्यक्ति को निरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शैक्षणिक संस्थान से खनन या पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में डिग्री न हो:

बशर्ते कि -

(i) खानों में स्थापित विद्युत मशीनरी के संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शैक्षणिक संस्थान से विद्युत अभियांत्रिकी में डिग्री प्राप्त व्यक्ति को इस प्रकार नियुक्त किया जा सकेगा;

(ii) खानों में स्थापित अन्य मशीनरी या यांत्रिक उपकरणों के संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शैक्षणिक संस्थान से यांत्रिक अभियांत्रिकी में डिग्री प्राप्त व्यक्ति को इस प्रकार नियुक्त किया जा सकेगा;

(iii) संहिता और उसके अधीन बनाए गए नियमों, विनियमों और आदेशों के उपबंधों के संबंध में जो व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित हैं, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शैक्षणिक संस्थान से औषधि और/या शल्यचिकित्सा में डिग्री प्राप्त व्यक्ति को इसप्रकार नियुक्त किया जा सकेगा।

8. एजेंट की नियुक्ति - (1) खान का मालिक मुख्यनिरीक्षक-सह- सुविधाकर्ता और क्षेत्रीय निरीक्षक-सह- सुविधाकर्ता को लिखित रूप में एक विवरण प्रस्तुत करेगा जिसमें खान के प्रबंधन, नियंत्रण, पर्यवेक्षण और निर्देशन के संबंध में खान मालिक की ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत प्रत्येक व्यक्ति के नाम और पदनाम दर्शाए जाएंगे।

(2) विवरण में उन मामलों के संबंध में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी भी दर्शाई जाएगी जिन के लिए ऐसा व्यक्ति मालिक की ओर से कार्यकरने के लिए प्राधिकृत है।

(3) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक व्यक्ति, यथा स्थिति, खान या खानों के समूह के लिए ऐसे विवरण में निर्दिष्ट जिम्मेदारी के संबंध में एजेंट होगा।

(4) उप-विनियम (1) के अंतर्गत निर्दिष्ट विवरण, यथा स्थिति, किसी खान या खदानों के समूह के खुलने या पुनःखुलने की तिथि से एक माह के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा;

बशर्ते कि किसी खान या खनों के समूह, जैसी भी स्थिति हो, के मामले में, जो पहले ही खुलचुकी है, ऐसा विवरण इन विनियमों के लागू होने के एक माह के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा।

(5) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट विवरण के नाम या अन्य विवरण में किसी भी परिवर्तन, परिवर्धन या परिवर्तन की सूचना, ऐसे परिवर्तन, परिवर्धन या परिवर्तन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर मुख्यनिरीक्षक-सह- सुविधाकर्ता और क्षेत्रीय निरीक्षक-सह- सुविधाकर्ता को लिखित रूप में दी जाएगी।

9. एजेंट की योग्यता.- (1) इन विनियमों के लागू होने के पश्चात् और एजेंट की नियुक्ति के संबंध में विनियम 8 में निहित प्रावधानों के अधीन, 25 वर्ष से कम या 70 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति मालिक की ओर से कार्य नहीं करेगा या कार्य करना जारी नहीं रखेगा या किसी खान का एजेंट नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसके पास केंद्र सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिएअनुमोदित स्नातक की डिग्री न हो और खानों से संबंधित कार्यों या गतिविधियों में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव न हो।

(2) किसी एजेंट के विरुद्ध लाई गई किसी भी कार्यवाही में, चाहे वह संहिता के तहत इस रूप में नियुक्त किया गया हो या नहीं, यह बचाव नहीं होगा कि उसके पास संहिता और उसके तहत बनाए गए नियमों, विनियमों औरआदेशों के प्रावधानों के अनुसार जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए उप-विनियम (1) के तहत निर्धारित योग्यता औरअनुभव नहीं है।

(3) यदि कोई प्रश्न उठता है कि किसी खान में नियुक्त एजेंट के पास उप-विनियम (1) के तहत आवश्यक योग्यताएं और अनुभव हैं या नहीं, तो मुख्यनिरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता का निर्णय अंतिम होगा।

10. प्रबंधक की चार्ज रिपोर्ट. - जब किसी खान के प्रबंधक में परिवर्तन होता है, तो निवर्तमान प्रबंधक, आने वाले प्रबंधक को, मुख्यनिरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में एक चार्ज रिपोर्ट सौंपेगा और चार्ज रिपोर्ट पर निवर्तमान और आने वाले दोनों प्रबंधकों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और चार्ज रिपोर्ट की एक प्रति क्षेत्रीय निरीक्षक-सह-सुविधाकर्ता को भेजी जाएगी।

11. उप प्रबंधक की योग्यताएं और नियुक्ति. - (1) दो से अधिक स्थापनाओं वाली प्रत्येक खान में, खान का मालिक, एजेंट या प्रबंधक प्रत्येक आठ अतिरिक्त स्थापनाओं या उसके भाग के लिए एक उपप्रबंधक के वेतनमान पर उपप्रबंधक नियुक्त करेगा, जो प्रबंधक की सहायता करेगा।

(2) कोई भी व्यक्ति उप-विनियम (1) के अधीन किसी खान के उपप्रबंधक के रूप में कार्य नहीं करेगा, कार्य करना जारी नहीं रखेगा, या नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसके पास केंद्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी शैक्षणिक संस्थान से इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमाया भौतिकी या भूभौतिकी या भूविज्ञान या रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री न हो और उसे इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के मामले में कम से कम आठ वर्ष और अन्य मामलों में पांच वर्ष की अवधि के लिए तेल खानों में संचालन के प्रबंधन और पर्यवेक्षण का अनुभव न हो।

12. स्थापना प्रबंधक की योग्यता और नियुक्ति - (1) प्रत्येक खान का मालिक, एजेंट या प्रबंधक यह सुनिश्चित करेगा कि खान में प्रत्येक स्थापना उसके द्वारा नियुक्त स्थापना प्रबंधक के प्रभार में हो:

बशर्ते कि, जहाँ किसी खान में, मालिक, एजेंट या प्रबंधक की यह राय हो कि ड्रिलिंगरिग और वर्क ओवर रिग के अलावा कुछ स्थापनाओं का आकार, प्रकृति, स्थान और विस्तार ऐसा है कि एक स्थापना प्रबंधक एक से अधिक स्थापनाओं के लिए

अपने कर्तव्यों का उचित ढंग से पालन कर सकता है, वहाँ वह एक से अधिक स्थापनाओं का प्रभार संभालने के लिए एक स्थापना प्रबंधक की नियुक्ति कर सकता है, जिसमें उसके औचित्य को दर्ज किया जाएगा और ऐसे प्रत्येक मामले में अधिकार क्षेत्र का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) के अंतर्गत नियुक्त स्थापना प्रबंधक के पास केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी शैक्षणिक संस्थान से इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा या विज्ञान में डिग्री होनी चाहिए और उसे तेल खानों में संचालन के प्रबंधन या पर्यवेक्षण में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और विज्ञान में डिग्री के मामले में कम से कम पाँच वर्ष की अवधि का अनुभव होना चाहिए; और इंजीनियरिंग में डिग्री के मामले में दो वर्ष का अनिवार्य अनुभव होना चाहिए।

13. सर्वेक्षकों की योग्यता और नियुक्ति या प्राधिकरण.- प्रत्येक खान का स्वामी, एजेंट या प्रबंधक, केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी शैक्षणिक संस्थान से खनन या सिविलइंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा या सर्वेक्षक संस्थान द्वारा जारी सर्वेक्षण में प्रमाण पत्र या संहिता के तहत जारी सर्वेक्षक प्रमाण पत्र धारक व्यक्ति को सर्वेक्षक के रूप में नियुक्त या अधिकृत करेगा, जो आवश्यकतानुसार खान के प्रबंधक की सहायता करेगा और संहिता या इन विनियमों और उसके तहत किए गए आदेशों के तहत अपेक्षित सर्वेक्षण, समतलीकरण और खान की नक्शा और खंड तैयार करने के लिए कार्य करेगा।

14. अग्नि शमन अधिकारी की योग्यता और नियुक्ति। - (1) प्रत्येक खान का मालिक, एजेंट या प्रबंधक अग्निशमन के लिए और अग्नि निवारण उपायों में प्रबंधक की सहायता के लिए एक अग्निशमन अधिकारी नियुक्त करेगा:

बशर्ते कि, जहां किसी खान में, खान के मालिक, एजेंट या प्रबंधक की राय हो कि, खान के बड़े आकार के कारण, या खान में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठानों के कारण, या खान में मौजूद अन्य स्थितियों के कारण, एक अग्निशमन अधिकारी के लिए अपने कर्तव्यों को स्वयं प्रभावी ढंग से करना संभव नहीं है, खान का मालिक, एजेंट या प्रबंधक ऐसे अतिरिक्त अग्निशमन अधिकारियों की नियुक्ति करेगा, जो उनके अधिकार क्षेत्र को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हुए कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए पर्याप्त हो सकते हैं।

(2) किसी भी व्यक्ति को अग्निशमन अधिकारी के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि वह: -

(क) केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी शैक्षणिक संस्थान से अग्नि इंजीनियरिंग या अग्नि एवं सुरक्षा इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा न रखता हो और डिग्री के मामले में एक वर्ष या डिप्लोमा के मामले में दो वर्ष की अवधि के लिए अग्निशमन सेवाओं के संचालन और प्रबंधन का अनुभव रखता हो; या

(ख) इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा न रखता हो या विज्ञान में डिग्री न रखता हो और केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी शैक्षणिक संस्थान से डिवीजनल ऑफिसर कोर्स भी न किया हो और डिग्री के मामले में एक वर्ष या डिप्लोमा के मामले में दो वर्ष की अवधि के लिए अग्निशमन सेवाओं के संचालन और प्रबंधन का अनुभव रखता हो; या

(ग) मुख्य निरीक्षक - सह-सुविधाकर्ता द्वारा इस प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट किसी संस्थान से स्टेशन ऑफिसर या सब-ऑफिसर कोर्स न किया हो और अग्निशमन सेवाओं के संचालन और प्रबंधन का दस वर्ष की अवधिका अनुभव न रखता हो।

15. कूप छिद्रण के लिए सक्षम व्यक्तियों को अधिकृत करना – प्रत्येक खान का मालिक, एजेंट या प्रबंधक कूप छिद्रण के लिए विस्फोटकों की हैंडलिंग, परिवहन और उपयोग के लिए एक या अधिक व्यक्तियों को सक्षम व्यक्ति के रूप में अधिकृत करेगा।

16.अधिकारियों की नियुक्ति-(1) प्रत्येक खान का मालिक, एजेंट या प्रबंधक प्रत्येक कार्य पाली के दौरान पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की नियुक्ति करेगा, ताकि -

(क) संस्थापन और उसके उपकरणों का पर्याप्त निरीक्षण हो सके;

(ख) संस्थापन में सभी कार्यों का गहन पर्यवेक्षण हो;

(ग) खान में सभी मशीनरी को सुरक्षित कार्य स्थिति में संस्थापित करना, चलाना और उनका रख रखाव करना; और

(घ) संहिता और इन विनियमों की आवश्यकताओं का प्रवर्तन हो।

परन्तु किसी अधिकारी की नियुक्ति तब तक नहीं की जाएगी जब तक उसे मालिक या एजेंट द्वारा भुगतान न किया जाए और वह प्रबंधक के प्रति उत्तरदायी न हो।

17.सक्षम व्यक्तियों की नियुक्ति - (1) प्रत्येक खान का मालिक, एजेंट या प्रबंधक प्रत्येक कार्य पाली के दौरान पर्याप्त संख्या में सक्षम व्यक्तियों की नियुक्ति करेगा, ताकि -

(क) संस्थापन और उसके उपकरणों का पर्याप्त निरीक्षण या संचालन सुनिश्चित हो सके;

(ख) संस्थापन में सभी कार्यों का गहन पर्यवेक्षण; और

(ग) खान में सभी मशीनरी को सुरक्षित कार्यक्रम में संस्थापित करना, चलाना और उनका रख रखाव करना; और

(घ) संहिता और इन विनियमों कीआवश्यकताओं का प्रवर्तन।

(2) किसी खान के प्रबंधक, उप-प्रबंधक और संस्थापन प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि उप-विनियम (1) के अंतर्गत नियुक्त व्यक्ति उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों का पालन करने में सक्षम हैं।

(3) उप-विनियम (1) के अंतर्गत की गई सभी नियुक्तियों और उप-विनियम (2) के अंतर्गत सक्षम व्यक्तियों को सौंपे गए कर्तव्यों का अभिलेख खान के प्रबंधक द्वारा रखा जाएगा।

18.सामान्य प्रबंधन - (1) खान का मालिक, एजेंट औरप्रबंधक खान में नियोजित व्यक्तियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक साधन उपलब्ध कराएगा और खान में नियोजित व्यक्तियों का उचित अनुशासन सुनिश्चित करेगा।

(2) आपातकालीन स्थिति को छोड़कर, कोई भी व्यक्ति जो अधिकारी या सक्षम व्यक्ति नहीं है, खान में नियोजित किसी व्यक्ति को, जो प्रबंधक के प्रति उत्तरदायी है, प्रबंधक के माध्यम से ही निर्देश देगा।

अध्याय - IV

प्रबंधन, ठेकेदारों, निर्माताओं, सक्षम व्यक्तियों और कामगारों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व

19. खान मालिक के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व - (1) प्रत्येक खान का मालिक यह सुनिश्चित करेगा कि-

(क) खदानों में कार्यरत व्यक्तियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए जोखिमों को समाप्त करने या कम करने हेतु एक पर्याप्त एवं प्रभावी सुरक्षा प्रबंधन योजना (एसएमपी) तैयार की जाए और उसे कार्यान्वित किया जाए।

(ख) खानों में कार्यरत व्यक्तियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए जोखिमों को समाप्त करने या न्यूनतम करने हेतु सभी आवश्यक उपाय किए जाए।

(ग) इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित सुरक्षा प्रबंधन योजना प्रत्येक खान में तैयार की जाए और उसे कार्यान्वित किया जाए;

(घ) विनियम 98 के अंतर्गत अपेक्षित प्रत्येक खान के लिए विशिष्ट आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना आपात स्थिति में कार्यान्वयन हेतु तैयार की जाए;

(ङ) कार्यस्थल पर चोट लगने या बीमारी से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार, कार्यस्थल से उचित परिवहन और उपयुक्त चिकित्सा की सुविधाएँ प्रदान की जाए;

(च) श्रमिकों को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी मामलों और सौंपे गए कार्य पर पर्याप्त प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा समझने योग्य निर्देश, बिना किसी लागत के प्रदान किए जाते हैं; और

(छ) खनन कार्यों से जुड़ी सभी दुर्घटनाओं और खतरनाक घटनाओं की जाँच ~~की जाती हैं~~ और उनकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित कार्रवाई की जाती है।

(ज) खान को सुरक्षित संचालन और स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए उपयुक्त विद्युत, यांत्रिक और अन्य उपकरणों, संचार प्रणाली सहित, से डिज़ाइन, निर्मित, अनुरक्षित और सुसज्जित किया जाता है;

(झ) मशीन या संयंत्र को इस प्रकार चालू, संचालित, अनुरक्षित और उसके आयु काल की समाप्ति पर समय पर बंद किया जाता है कि श्रमिक अपनी या अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरे में डाले बिना उन्हें सौंपे गए कार्य को कर सकें।

(ञ) श्रमिकों के समक्ष आने वाले विभिन्न खतरों की पहचान करने और उनके जोखिम के स्तर का आकलन करने के लिए कार्य वातावरण की निगरानी, मूल्यांकन और नियमित निरीक्षण किया जाता है;

(ट) विशिष्ट खतरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में कार्य की एक सुरक्षित प्रणाली और खान में कार्यरत व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक संचालन योजना और प्रक्रियाएँ तैयार करना और उनका कार्यान्वयन करना;

(ठ) जहाँ तक संभव हो, प्रत्येक कार्यस्थल में कम से कम एक प्रवेश और एक निकास द्वार होना चाहिए।

(ड) आग और विस्फोट के फैलने और उसके शुरू होने को रोकने, उसका पता लगाने और उसका मुकाबला करने के लिए खान संचालन की प्रकृति के अनुरूप उपाय और सावधानियाँ बरती जानी चाहिए।

(ढ) जब श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो, तो कार्य का संचालन रोक दिया जाना चाहिए और श्रमिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया जाना चाहिए।

(ण) जब प्रबंधक या अन्य अधिकारी इन विनियमों और सुरक्षा प्रबंधन योजना के अनुपालन न होने की रिपोर्ट करते हैं, तो तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

(2) (क) मालिक खान में कार्यरत व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए एक प्रलेखित प्रबंधन संरचना बनाए रखेगा; और

(ख) दस्तावेज़ में प्रबंधन संरचना में जिम्मेदार पद धारण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की ज़िम्मेदारियों का उल्लेख होगा।

(3) सुरक्षा प्रबंधन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना मालिक का कर्तव्य होगा।

(4) मालिक समय-समय पर सुरक्षा प्रबंधन योजना की प्रभावशीलता और कार्यान्वयन का लेखा-परीक्षण और समीक्षा करेगा।

(5) मालिक प्रत्येक खान के लिए यथोचित रूप से पूर्वानुमानित परिचालन, औद्योगिक और प्राकृतिक आपदाओं के लिए एक आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना तैयार करना सुनिश्चित करेगा।

(6) जहाँ श्रमिक भौतिक, रासायनिक या जैविक खतरों के संपर्क में आते हैं, वहाँ मालिक -

(क) श्रमिकों को उनके कार्य से जुड़े खतरों, उनमें शामिल स्वास्थ्य जोखिमों और प्रासंगिक निवारक एवं सुरक्षात्मक उपायों के बारे में सुबोध तरीके से सूचित करेगा;

(ख) उन खतरों के संपर्क में आने से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को समाप्त करने या न्यूनतम करने के लिए उचित उपाय करेगा;

(ग) जहाँ अन्य तरीकों से खतरनाक परिस्थितियों के संपर्क में आने से पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करना संभव नहीं है, वहाँ श्रमिक को निःशुल्क उपयुक्त सुरक्षात्मक उपकरण, आवश्यकतानुसार वस्त्र और इन विनियमों द्वारा परिभाषित अन्य सुविधाएँ प्रदान करेगा और उनका रखरखाव करेगा;

(घ) कार्यस्थल पर चोट या बीमारी से पीड़ित श्रमिकों को प्राथमिक उपचार, कार्यस्थल से उचित परिवहन और उपयुक्त चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच प्रदान करेगा;

(7) मालिक यह सुनिश्चित करेगा कि-

(क) श्रमिकों को सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी मामलों के साथ-साथ सौंपे गए कार्य पर बिना किसी खर्च के पर्याप्त प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम और समझने योग्य निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं ;

(ख) खान के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पाली में पर्याप्त पर्यवेक्षण और नियंत्रण प्रदान किया जा रहा है ;

(ग) एक ऐसी प्रणाली स्थापित की जाए जिससे खान में कार्यरत सभी व्यक्तियों के नाम किसी भी समय सटीक रूप से ज्ञात हो सकें;

(घ) सभी दुर्घटनाओं और खतरनाक घटनाओं की जाँच की जाती है और उचित उपचारात्मक कार्रवाई की जा रही है।

(8) मालिक खनन कार्यों से संबंधित व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों के संपर्क में आने वाले श्रमिकों की नियमित स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित करेगा।

20. आपूर्तिकर्ता, निर्माता, डिज़ाइनर और परामर्शदाता की सामान्य ज़िम्मेदारियाँ - कोई व्यक्ति जो खदानों में उपयोग के लिए मशीनरी, उपकरण या पदार्थों का डिज़ाइन, निर्माण, आयात, प्रदान या हस्तांतरण करता है या विशेषज्ञ सेवाएँ या परामर्श प्रदान करता है, उसे-

(क) यह सुनिश्चित करना होगा कि मशीनरी, उपकरण या पदार्थ उनका सही उपयोग करने वालों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए कोई ख़तरा पैदा न करें; और

(ख) उपलब्ध कराएगा-

(i) मशीनरी और उपकरणों की सही स्थापना, रखरखाव और उपयोग तथा पदार्थों के सही भंडारण और उपयोग के लिए उनकी आवश्यकता से संबंधित जानकारी;

(ii) मशीनरी और उपकरणों के ख़तरों, ख़तरनाक पदार्थों और भौतिक कारकों या उत्पादों के ख़तरनाक गुणों से संबंधित जानकारी; और

(iii) उत्पादों से जुड़े पहचाने गए ख़तरों से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कैसे समाप्त या नियंत्रित किया जाए के बारे में जानकारी।

(ग) खान में काम करने वालों की सुरक्षा और उसमें कार्यरत व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ या परामर्श सेवाएँ प्रदान करेगा।

21.ठेकेदार के कर्तव्य एवं दायित्व - खान में किसी कार्य के लिए अभिनयोजित कोई ठेकेदार -

(क) कार्य शुरू करने से पहले और कार्य पूरा होने तक खान के उपयुक्त स्तर के पर्यवेक्षकों, अधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच प्रभावी सतत संचार और समन्वय स्थापित करेगा, जिसमें खतरों की पहचान करने और जोखिमों को समाप्त करने एवं नियंत्रित करने के उपाय शामिल होंगे;

(ख) खान में कार्य करते समय ठेकेदार के श्रमिकों के बीच कार्य संबंधी चोटों और बीमारियों, अस्वस्थता और घटनाओं की रिपोर्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा;

(ग) कार्य शुरू करने से पहले और कार्य की प्रगति के साथ-साथ आवश्यकतानुसार अपने श्रमिकों को कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता और प्रशिक्षण प्रदान करेगा;

(घ) संहिता के प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा; और

(ङ) प्रबंधक की जानकारी के बिना किसी भी नए व्यक्ति को न तो बर्खास्त करेगा और न ही नियुक्त करेगा।

22.प्रबंधक का कर्तव्य और उत्तरदायित्व- (1) प्रत्येक खान का प्रबंधक खान के समग्र प्रबंधन, नियंत्रण, पर्यवेक्षण और निर्देशन के लिए उत्तरदायी होगा ~~समकि~~ जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कार्य संहिता के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए विनियमों और आदेशों के अनुसार किए जा रहे हैं।

(2) प्रत्येक खान का प्रबंधक यह सुनिश्चित करेगा कि संहिता के उपबंधों, उसके अधीन बनाए गए विनियमों और आदेशों के कार्यान्वयन के लिए और खान तथा उसमें कार्यरत व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खान में सामग्री और उपकरणों की पर्याप्त आपूर्ति सदैव उपलब्ध रहे; और यदि वह खान का मालिक या अभिकर्ता नहीं है, तो वह लिखित रूप में खान के मालिक या अभिकर्ता को रिपोर्ट करेगा जब पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी कोई चीज अपेक्षित हो जिसका आदेश देने के लिए वह सक्षम नहीं है और ऐसी प्रत्येक रिपोर्ट की एक प्रति रखी जाएगी।

(3) खान का प्रबंधक प्रत्येक सक्षम व्यक्ति और अधिकारी को उसका विशिष्ट कर्तव्य सौंपेगा और उसकी नियुक्ति पर उसे विनियमों, नियमों और उप-विधियों तथा उसके अधीन बनाए गए किसी आदेश की प्रति उपलब्ध कराएगा, जो उसे प्रभावित करते हैं और वह यह सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कदम उठाएगा कि ऐसा प्रत्येक व्यक्ति उनमें निहित प्रावधानों को उचित तरीके से समझे, उनका पालन करे और उन्हें लागू करे।

(4) प्रबंधक संहिता, विनियमों और उसके अधीन बनाए गए आदेशों के अनुसरण में बनाए जाने या रखे जाने के लिए सभी रिपोर्टों, रजिस्टरों और अन्य अभिलेखों की जाँच करेगा और उन पर दिनांक सहित प्रतिहस्ताक्षर करेगा।

बशर्ते कि, प्रबंधक लिखित आदेश द्वारा यह कर्तव्य किसी उप-प्रबंधक को सौंप सकता है, सिवाय उन मामलों को छोड़कर जहाँ प्रबंधक को किसी रिपोर्ट या रजिस्टर पर प्रतिहस्ताक्षर करने के लिए कोई विशिष्ट प्रावधान किया गया हो।

